# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

**डॉ. धरवेश कठेरिया**
कुलसचिव
**Dr. Dharvesh Katheriya**
Registrar

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902
फैक्स/Fax: + 91-7152-247602


क्रमांक : 006/Estt/Gen./2007/Vol.II/115
दिनांक : 19.01.2024

## परिपत्र

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन क्रमांक 12/7/2023&JCA, दिनांक 18.01.2024 के माध्यम से यह अधिसूचित किया गया है कि **अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण–प्रतिष्ठा** कार्यक्रम को पूरे भारत में दिनांक 22.01.2024 को मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में समस्त केंद्र सरकार के कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों में दिनांक 22.01.2024 को अपराह्न 2:30 बजे तक बंद रखने की घोषणा की गई है ताकि कर्मी इस उत्सव में सहभागिता कर सकें।

उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय दिनांक 22.01.2024 (सोमवार) को अपराह्न 2:30 बजे तक बंद रहेगा तथापि विश्वविद्यालय द्वारा **प्रभु श्रीराम लला की प्राण–प्रतिष्ठा** के निमित्त विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि में **विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, गैर–शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षित है।**

विश्वविद्यालय के सभी क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक निदेशक/प्रभारी दिनांक 22.01.2024 को सायं 06:00 बजे अपने–अपने केंद्रों के सभी भवनों पर रोशनी एवं दीपोत्सव कार्यक्रम सुनिश्चित करवाएं।

इसे सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

19/01/24
(डॉ. धरवेश कठेरिया)

**प्रति (ई–मेल द्वारा):** समस्त अध्यापक, अधिकारी एवं कर्मी।

**प्रतिलिपि (ई–मेल द्वारा):**

1. कुलपति कार्यालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं केंद्र निदेशक
3. कुलानुशासक
4. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण
5. अकादमिक निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज
6. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता
7. सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर
8. वित्त अधिकारी
9. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
10. जनसंपर्क अधिकारी
11. सुरक्षा अधिकारी
12. समस्त सेवा प्रदाता एजेन्सी (आवश्यक व्यवस्था हेतु)
13. प्रभारी, लीला (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
14. संबंधित पत्रावली


**पोस्ट– हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत**
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
**ई-मेल/**E-mail: registrar@mgahv.in, **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org